卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये॥


केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 166 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦24 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## षष्ठम नवरात्र




मां कात्यायनी मां दुर्गा की छठी विभूति हैं । शास्त्रों के मुताबिक जो भक्त दुर्गा मां की कात्यायनी की आराधना करते हैं मां की कृपा उन पर सदैव बनी रहती है।

# धर्म परिवर्तन के साथ ही खत्म हो जाएगा एससी का दर्जा

## हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रख सुप्रीम कोर्ट ने दिया ऐतिहासक फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में कहा कि धर्म परिवर्तन करने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति का दर्जा पूरी तरह से खो देता है। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि अगर कोई व्यक्ति उदाहरण के लिए ईसाई धर्म अपना लेता है और ईसाई धर्म के अनुसार जीवन जी रहा है तो उसे अनुसूचित जाति का व्यक्ति नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि हिंदू धर्म, सिख धर्म और बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा सांविधानिक आदेश, 1950 में साफ कहा गया है कि खंड-3 में बताए



गए धर्मों के अलावा किसी भी धर्म में धर्मांतरण करने पर जन्म के बावजूद, अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। यह आदेश एक ऐसे व्यक्ति के मामले में दिया गया, जिसने ईसाई धर्म अपना लिया था और अब पेस्टर के तौर पर काम कर रहा है, लेकिन उसने कुछ लोगों के खिलाफ एससी-एसटी (अत्याचार रोकथाम) कानून के तहत मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज कराने वाले व्यक्ति ने एससी-एसटी कानून के तहत संरक्षण की मांग की थी। हालांकि जिन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, उन्होंने इसे चुनौती दी और दावा किया कि पीड़ित ईसाई धर्म अपना चुका है।30 अप्रैल 2025 को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ईसाई धर्म में जाति व्यवस्था नहीं है। ऐसे में पीड़ित व्यक्ति एससी-एसटी कानून के प्रावधानों का लाभ लेने का पात्र नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज धाराओं को खत्म करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ पेस्टर ने सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटीशन दायर की। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा इस मामले में ये अहम नहीं है कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म से अपने मूल धर्म में धर्मांतरित हो गया है या उसे उसके मूल समुदाय द्वारा स्वीकार किया गया है या नहीं। बल्कि सबूतों से ये सिद्ध होता है कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म का पालन करता है और एक दशक से अधिक समय से बतौर पादरी काम कर रहा है। वह गांव के घरों में नियमित तौर पर रविवार की प्रार्थनाएं आयोजित करता है। इस तथ्यों से इस बात में कोई शक नहीं है कि घटना के समय वह ईसाई बना रहा।

# गैस सिलेंडर न मिलने पर उपभोक्ताओं ने की सड़क जाम

## पुलिस ने लाठियां फटकार कर खुलवाया जाम,ठुकराल के साथ मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी,होम डिलीवरी की बनवाई व्यवस्था







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गैस सिलेंडर न मिलने से रोषित लोगों ने आज प्रातः बिलासपुर मार्ग पर भारत गैस एजेन्सी के आगे राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मियों ने आकर लाठियां फटकार जाम खुलवाया। जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने एजेन्सी प्रबंधन से वार्ता की और फिर कलैक्ट्रेट जाकर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय और प्रभारी डीएसओ मलकीत सिंह से वार्ता कर उन्हें अपने साथ एजेन्सी लेकर आये । जहां उनके समझाने पर लोगों का गुस्सा शांत हुआ। इसके बाद श्री ठुकराल के साथ अपर जिलाधिकारी व प्रभारी डीएसओ इण्डेन गैस एजेन्सी पहुंचे जहां भारी अव्यवस्था को देख दोनों अधिकारियों ने एजेन्सी प्रबंधक को खूब लताड़ लगाकर व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिये। गौरतलब हो कि शासन प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद गैस उपभोक्ताओं की सिलेंडर मिलने की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। रूद्रपुर(शेष पृष्ठ सात पर)

# दो पक्षों के विवाद में छात्र की मौत

देहरादून। देहरादून में युवाओं के बीच आपसी वर्चस्व को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए। प्रेमनगर क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक 22 साल की छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने तीन आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 23 मार्च की देर रात सूचना मिली थी कि प्रेमनगर के केहरी गांव में कुछ युवकों के बीच मारपीट हुई है। जिसमें एक युवक गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को



इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया। युवक की हालत देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन इलाज के दौरान ही छात्र ने दम तो दिया। मृतक छात्र की पहचान दिव्यांशु जाटराना (22) पुत्र अमित जाटराना निवासी मुज्जफरनगर हल निवासी प्रेमनगर के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि दोनों पक्ष प्रेमनगर स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान के छात्र हैं। कॉलेज में लंबे समय से आपसी वर्चस्व को लेकर विवाद और रंजिश के चल रही थी। इसी रंजिश ने 23 मार्च को हिंसक झगड़े का रूप ले लिया। जिसमें दिव्यांशु गंभीर घायल हो गया। मृतक के परिजनों (शेष पृष्ठ सात पर)

# स्व. इंदिरा की जयंती कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड की आयरन लेडी के रूप में पहचान रखने वाली पूर्व कैबिनेट मंत्री इंदिरा हृदयेश की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा और महानगर अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता जिला कार्यालय में एकत्र हुए और स्वर्गीय इंदिरा हृदयेश को नमन किया। जिला अध्यक्ष हिमांशु



गाबा ने कहा कि इंदिरा हृदयेश उत्तराखंड की राजनीति का एक मजबूत स्तंभ थीं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में विकास कार्यों की ऐसी गाथा लिखी, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। (शेष पृष्ठ सात पर)

# जनता की हाहाकार के बाद प्रशासन की खुली नींद,सख्त एक्शन

## डीएम का आदेश सिलेंडर की होगी होम डिलीवरी,एजेंसी से पूरी तरह रोक



रुद्रपुर(उद ब्यूरो)। आखिर गैस की किल्लत कब खत्म होगी ? यह यक्ष प्रश्न अब आम लोगों के जेहन में दहशत पैदा कर रहा है। खाड़ी देशों में युद्ध की आग से उपजे तेल और गैस के संकट को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की अपील का कोई खास असर नहीं दिख रहा है। लोग जहां गैस एजेंसियों पर डेरा जमाने लगे है तो वहीं दूसरी तरफ गरीब तबके के लोग भारी कीमत चुकाकर जैसे तैसे गुजारा करने पर मजबूर हो गये हैं। रसोई गैस सिलेंडर इन दिनों जरूरत से ज्यादा एक जंग बन चुका है। रुद्रपुर में स्थित विभिन्न गैस एजेंसियों के बाहर रोज सूर्य उदय होने से पहले ही सैकड़ों लोग घरेलू सिलेंडर हाथ में लिए लाइन में खड़े नजर आते हैं। अंधेरे में शुरू हुई कतारें दिन चढ़ने तक लंबी होती जाती हैं, लेकिन जैसे ही गैस की गाड़ी पहुंचती है, इंतजार का धैर्य टूट जाता है और माहौल अचानक हंगामे में बदल जाता है। महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूरी करने वाले लोग घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद जैसे ही आगे बढ़ते हैं, धक्का- मुक्की और बहस शुरू हो जाती है। कई बार स्थिति हाथापाई तक पहुंच जाती है। भीड़ इतनी बेकाबू हो जाती है कि हालात संभालना मुश्किल हो जाता है। लोगों के चेहरों पर गुस्सा साफ दिखता है और वजह भी साफ है । घर में चूल्हा जलाने की मजबूरी। इस बीच उपभोक्ताओं की सबसे बड़ी शिकायत सामने आई। कई लोगों का कहना है कि उन्होंने समय पर गैस बुक कराई, मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज भी आया, लेकिन जब वे सिलेंडर लेने पहुंचे तो पता चला कि उनका सिलेंडर पहले ही किसी और को दे दिया गया। इससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया और एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए। शुरुआत में हालात बिगड़ते रहे और एजेंसियों पर खुलेआम गोदाम से सिलेंडर बांटे जाते रहे। प्रशासन की मौजूदगी न के बराबर दिखी और( शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रदेश भर में जन-जन की सरकार चार साल बेमिसाल कार्यक्रम की धूम

## स्टॉल लगाकर प्रतिभागियों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों को लाभान्वित किया






देहरादून। धामी सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को प्रदेश भर में जन-जन की सरकार चार साल बेमिसालष्कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। देहरादून से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भाषण का लाइव प्रसारण किया गया। सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित विकास पुस्तिका ष्संकल्प से सिद्धि: विकसित उत्तराखंड, बेमिसाल विकास और नई पहल के चार वर्ष का विमोचन किया गया। विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर पात्र लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। ऊधमसिंह नगर जिला मुख्यालय रुद्रपुर में मेडिकल कॉलेज परिसर में चार साल बेमिसालष कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।विभिन्न विभागों ने सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रतिभागियों को दी। रीप परियोजना के तहत पांच स्वयं सहायता समूहों को छह-छह लाख के अनुदान चेक, कृषि विभाग की ओर से पांच किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उद्योग विभाग द्वारा 10 युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा दो दिव्यांगजनों को बैटरी ट्राईसाइकिल, दो को व्हील चीयर, दो को कान की मशीन वितरित की गई। मेगा स्वास्थ्य शिविर में कुल 1530 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न जांच के साथ ही उपचार भी किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। हरिद्वार जनपद में मुख्य कार्यक्रम ऋषिकुल आयुर्वेदिक महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में सरकार ने विगत चार वर्षों में विकास के कई आयाम एवं उपलब्धियों को हासिल किया है।कार्यक्रम में सहकारिता विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहकारी किसान योजना के अन्तर्गत 50 लाभार्थियों को 56,13,000 धनराशि के चेक वितरित किए गए। बाल विकास विभाग द्वारा 40 महिलाओं को महालक्ष्मी किट और समाज कल्याण विभाग की ओर से नौ दिव्यांगजनों को बैसाखी,छड़ी और व्हील चेयर वितरित की गई। चार महिलाओ को 02 -02 लाख के मुद्रा लोन के चेक वितरित किए गए। जिला सूचना कार्यालय की ओर से विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालन नरेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।चम्पावत जनपद के गौरलचौड़ मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 40 से अधिक विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर प्रतिभागियों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों को लाभान्वित किया। श्रम विभाग ने श्रम कार्ड वितरित किए जबकि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र एवं व्हीलचेयर प्रदान की गई। कृषि, उद्यान एवं पशुपालन विभाग की ओर से उन्नत बीज, दवाएं एवं कृषि यंत्र वितरित किए गए।पशुपालन विभाग द्वारा हीरा देवी को बकरी पालन के लिए घ्63,000 और माहेश्वरी देवी को बकरी पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु घ्35,000 की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी मनीष कुमार, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत एवं अन्य अतिथियों ने किया।नैनीताल जनपद में विकासखंड हल्द्वानी में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाकर राज्य सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से सीधे जोड़ने का कार्य किया गया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जिसके लिए इस प्रकार के शिविर प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या मे स्थानीय लोग उपस्थित थे। उत्तरकाशी जिला मुख्यालय में जनपद में ष्जन-जन की सरकार,चार साल बेमिसालष कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने किया। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों और जिले में हर क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित बनाने के लिए उत्तरकाशी में घ्छह करोड़ से अधिक की लागत से आधुनिक बस अड्डे का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट काश्तकारों एवं लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न सामुदायिक संगठनों को आर्थिक सशक्तिकरण हेतु सहायता राशि के चेक वितरित किए गए।





पशुपालन विभाग के तहत पांच लोगों को गाय पालन के लिए 36-36 हजार और और दो लोगों को बकरी पालन के लिए 63-63 हजार की धनराशि प्रदान की गई। कृषि विभाग द्वारा भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले काश्तकार समूहों को प्रोत्साहित किया गया। स्वयं सहायता समूहों को भी प्रोत्साहन राशि दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। बागेश्वर जनपद में कार्यक्रम के अंतर्गत नुमाइशखेत मैदान में बहु-विभागीय जनकल्याण शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पार्वती दास, दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय एवं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई तथा आमजन को लाभ भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में दीनदयाल सहकारिता किसान कल्याण योजना के अंतर्गत तीन लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा विवाह अनुदान योजना के तहत दो लाभार्थियों को पचास-पचास हजार रुपये तथा अटल आवास योजना के अंतर्गत एक लाख थ तीस हजार रुपये की सहायता दी गई। दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र सहित सहायक उपकरण वितरित किए गए। जनपद रुद्रप्रयाग में अगस्त्यमुनि में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए आकर्षक एवं जानकारीपरक स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए स्थानीय उत्पादों को भी स्टॉल में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया, स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इसके अलावा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। जनपद चमोली में गोपेश्वर पुलिस मैदान में तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पहले दिन विभागों की ओर से लगाए गए 40 स्टॉलों के माध्यम से 254 लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उद्यान विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के 28 लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। जबकि बाल विकास विभाग की ओर से आठ महिलाओं को महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 73 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श व दवाइयां वितरित की गई। आयुर्वेदिक विभाग की ओर से 14 लोगों की जांच कर उपचार किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा 29 पशुपालकों को दवाइयां उपलब्ध कराई गई। इससे पूर्व थराली विधायक भूपाल राम टम्टा और जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोक कलाकारों और छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जनपद पौड़ी के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का विधायक राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला, ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया व सीडीओ गिरीश गुणवंत सहित अतिथियों ने शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों ने विभिन्न विभागों ग्रामोत्थान, कृषि, उद्यान, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य व राजस्व के स्टॉलों का निरीक्षण कर जनहितकारी योजनाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में पात्र लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किया गया। दो महिलाओं को महालक्ष्मी किट दी गई। एक गोद भराई व एक अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। नौ दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। साथ ही विभिन्न योजनाओं के प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।

# उत्तराखंड में चलाई जा रही कई पर्यटन विकास परियोजनाएं : शेखावत

हल्द्वानी। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने लोकसभा सदन में पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत से सवाल किया है कि क्या देश में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पर्वतीय पर्यटन परिपथों का विकास करने का प्रस्ताव है? इसके अलावा विकास के लिए प्रारंभ में पांच राज्यों की पहचान की गई है क्या उत्तराखंड को भी उसे सूची में शामिल किया गया है और इन राज्यों के लिए स्वीकृत तथा जारी की गई निधि और विकास कार्य का ब्यौरा दिया जाना चाहिए। श्री भट्ट द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया है कि पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय पहाड़ी क्षेत्र में स्थित परियोजनाओं सहित संपूर्ण देश में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने हेतु पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए अपनी योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके प्रयासों को संपूरित करता है। मंत्रालय ने हिमालयन थीम सहित पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्र को शामिल करते हुए चिह्नित विषयगत परिपथों के तहत पर्यटन अवसंरचना के विकास के विचार के साथ वर्ष 2014-15 में अपनी स्वदेश दर्शन योजना की शुरुआत की और देश के भीतर 76 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। इस योजना को सतत और उत्तरदायी पर्यटक गंतव्य के विकास के उद्देश्य के साथ स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया गया है और मंत्रालय ने इस पहल के तहत देश में 53 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा, मंत्रालय ने तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) और चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) नामक स्वदेश दर्शन योजना की एक उप योजना के अंतर्गत भी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है।इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने श्पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता वैश्विक पैमाने पर प्रतिष्ठित पर्यटक केदो का विकासश योजना के तहत देश में 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपए की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका प्राथमिक उघ्द्देश्य देश में समग्र रूप से प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास करना है। भारत सरकार ने वर्ष 2026-27 की अपनी बजट घोषणा में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू एवं कश्मीर तथा पूर्वी घाट में अराकू घाटी और पश्चिमी घाट में पौढ़ीगई मलाई में पर्वतीय ट्रेल्स के विकास के लिए और विश्व स्तरीय ट्रैकिंग एवं हाइकिंग का अनुभव प्रदान करने के क्षेत्र में भारत की क्षमता और अवसर को भी समझा है। उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, एसएएससीआई और प्रशाद के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्योरा अनुबंध में दिया गया है।इसके अलावा पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड में भी कई विकास परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इको परिपथ के लिए उत्तराखंड के टिहरी झील और निकटवर्ती क्षेत्रों का नए गंतव्य के रूप में विकास के लिए इको-पर्यटन, एडवेंचर स्पोर्ट्स और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना का एकीकृत विकास जिला टिहरी 69.17 करोड़ दिया गया है। चंपावत में टी गार्डन एक्सपीरियंस 19.89 करोड़, पिथौरागढ़, गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस के लिए 17.86 करोड रुपए जारी किया गया है, इसके अलावा जादूंग (जीवंत ग्राम जादुंग उत्सव मैदान, जादूंग कार्यक्रम) का विकास 4.99 करोड़, कैचीधाम परिसर का विकास के लिए 17.60 करोड रुपए जारी किया गया है।माना गांव (जीवंत ग्राम माना हाट) के लिए 4.99 करोड रुपए जारी किया गया है। इसी प्रकाश प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन के लिए 100 करोड रुपए जारी किया गया है। इसी प्रकार केदारनाथ के विकास के लिए 34.77 करोड़ रूपया, बद्रीनाथ धाम तीर्थ यात्रा सुविधा के लिए 56.15 करोड़ रूपया जारी किया गया है। गंगोत्री और यमुनोत्री में तीर्थ यात्रा सुविधाओं के लिए 54.56 करोड़ रूपया जारी किया गया है।



# सीएम धामी के चार साल का कार्यकाल बेमिशाल : फरजाना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में सरकार के सफलतम चार वर्ष पूर्ण होने पर अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा है इन वर्षों में मुख्यमंत्री श्री धामी ने जिस दृढ़ संकल्प, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ उत्तराखंड को विकास के पथ पर अग्रसर किया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय ही नहीं बल्कि प्रेरणादायक भी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दूरदर्शी सोच और विकासोन्मुखी नीतियों का परिणाम है कि आज प्रदेश के दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों तक सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना का व्यापक विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए धामी सरकार द्वारा उठाए गए कदम ऐतिहासिक हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए जो योजनाएं लागू कीं, वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। यूनिफार्म सिविल कोड कानून लागू कर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड को पूरे देश में एक नई पहचान दी है और हम महिलाओं को समान अधिकार, सम्मान और न्याय का जो उपहार दिया है। यह निर्णय नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है। श्रीमति फरजाना बेगम ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड ने विकास, सुशासन और सांस्कृतिक गौरव के नए आयाम स्थापित किए हैं। श्री धामी की मेहनत, लगन और प्रदेश के प्रति समर्पण भाव हर नागरिक के दिल में विश्वास और गर्व की भावना उत्पन्न करता है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इसी तरह प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते रहें और उत्तराखंड निरंतर प्रगति, समृद्धि और खुशहाली की ओर अग्रसर होता रहे।



# बालिका की शादी हेतु प्रदान की राहत सामग्री

गदरपुर । शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा देश की आजादी के मतवाले शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहीदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में जरूरतमंद परिवार की बालिका की शादी की सहायता के लिए गर्म वस्त्र, कंबल, सूट एवं राशन सामग्री आदि देकर परिवार को राहत दी गई । सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा ग्राम राम जीवनपुर नंबर एक तहसील गदरपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड में शहीदों की याद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंघ द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की शहीदी के बारे में संक्षेप में बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई । उनका कहना था कि शहीदों द्वारा जो देश हित में अपनी जान न्यौछावर की गई है हमें उनके बताए गए आदर्शों पर चलकर देश की रक्षा के लिए अग्रिम पंक्ति के सिपाही बनकर सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन समाज सेविका भूपेंद्र कौर द्वारा किया गया । इस दौरान टीम द्वारा ग्राम राम जीवनपुर नंबर 1 की गरीब मेहनतकश जरूरतमंद परिवार की 20 वर्षीय बालिग कन्या साक्षी के विवाह के सहायतार्थ गर्म वस्त्र, सूट एवं राशन सामग्री प्रदान करके बालिका के उज्जवल भविष्य की कामना की गई । वस्त्र अमृत क्लाथ केलाखेड़ा द्वारा तथा राशन सामग्री समाजसेवी लाल मोहम्मद उर्फ लाल बादशाह द्वारा उपलब्ध कराई गई ।वही समाज सेविका परमजीत कौर ने बताया कि हर क्षेत्र में सर्वे करके जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के द्वारा अन्य समाजसेवियों के सहयोग से सहायता प्रदान की जाती हैं । इस मौके पर भूपेंद्र कौर, परमजीत कौर, पप्पू सैनी, लीलावती, रामवती, पूरनलाल, कमल जोशी, किशन देवी, हर देवी, मोहन लाल, गुरप्रीत कौर, रितु, आकाश, राजो सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# केन्द्र सरकार ने राज्य में फार्म फेंसिंग के लिए प्रदान की 25 करोड़ की धनराशि

देहरादून। केन्द्र सरकार द्वारा राज्य में जंगली जानवरों से कृषि फसलों की सुरक्षा के लिए 25 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है, इस संबंध में केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को प्रेषित पत्र में अवगत कराया है कि राज्य सरकार द्वारा भेजे गये इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी है।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश के किसानों के व्यापक हित तथा कृषि फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री से घेरबाड़ के लिये वित्तीय सहायता दिये जाने का अनुरोध किया गया था। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने फार्म फेंसिंग (घेरबाड़) के लिए 25.00 करोड़ रुपये की धनराशि के प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति प्रदान करते हुए इसे राज्य के किसानों के हित में सकारात्मक कदम बताया है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश के किसानों को जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान से राहत प्रदान करेगी और कृषि उत्पादन को सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाने में भी सहायक सिद्ध होगी।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


# मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं के खिलाफ मनाया शहादत दिवस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के शहादत दिवस पर श्रमिक संयुक्त मोर्चा ने गांधी पार्क में सभा आयोजित की और भगत सिंह चौक तक जुलूस निकालकर भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मजदूरो को बंधुआ बनाने वाले चार श्रम संहिताओं और ईरान पर अमेरिका इजरायल द्वारा थोपे गए साम्राज्यवादी युद्ध का विरोध किया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु और उनकी पार्टी हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन ने साम्राज्यवाद को बड़ी डाकेजनी कहा था। आज केंद्र सरकार ने मजदूरों को पूंजी और मुनाफे का खुला गुलाम बनाने के लिए मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताएं थोप दी हैं। मजदूरों के सीमित कानूनी अधिकार भी समाप्त कर दिए हैं। इससे स्थाई रोजगार, यूनियन और संघर्ष के अधिकारों, न्यूनतम वेतन और बुनियादी सुविधाओं को खत्म करके मजदूर वर्ग पर बड़ा हमला बोला गया है। ग्रामीण रोजगार गारंटी को खत्म किया गया है। इसके खिलाफ सभी मजदूरों को वर्गीय एकजुटता के साथ आगे आना होगा।वक्ताओं ने कहा कि साम्राज्यवाद के दबाव में भारतीय शासकों द्वारा उदारीकरण निजीकरण वैश्वीकरण की नीतियों का खामियाजा आज लागू श्रम संहिताएं हैं।भगत सिंह के विचार साम्प्रदायिकता, जातिवाद के विरोधी थे। वे विज्ञान सम्मत तर्क करने के पक्षधर थे। ऐसे में भगत सिंह के विचार आज एकबार फिर हमें पुकार रहे हैं। सभा में मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को रद्द करने की माँग की गई। सभा को शिवदेव, मुकुल, ललित मटियाली, सुरेंद्र सिंह, सौरभ, हरीश मौर्या, सुब्रत विश्वास, बालकरण सिंह, गोपाल गौतम , रविन्द्र कौर आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी व महासचिव चंद्र मोहन लखेड़ा ने किया।कार्यक्रम में अनिता अन्ना, विजय शर्मा, हरेंद्र सिंह, दलजीत सिंह, राकेश, बृजपाल, रोशनलाल, संजय, चेतन सिंह, नरेश कुमार, धीरज जोशी, जयदेव चंद्र, विजय कुमार, सुखदेवी, शक्ति सरकार, राहुल, हरेंद्र, कामेश्वर, कृष्ण प्रसाद जोशी, महेंद्र , बिंदु कुमार, प्रमोद भारती, रामेश्वर दयाल, भगवान चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।



# युवाओं ने प्रस्तुत किए जलवायु समाधान के नवाचार

पंतनगर( उद संवाददाता) ।पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में सस्यम फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय युवा जलवायु सम्मेलन "विचार'26" का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देशभर से युवा प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय डा. आर. एस. जादौन तथा विशेष अतिथि के रूप में डा. अमित केसरवानी उपस्थित रहे। स्वागत भाषण सस्यम फाउंडेशन के संस्थापक श्री ध्रुव सचदेवा ने दिया और इसके बाद अतिथियों द्वारा 'विचार'26 कॉम्पेंडियम" का पोस्टर अनावरण किया गया।मुख्य वक्ताओं में श्री सौरभ पांडेय, श्री मनोज वार्ष्णेय, एवं डा. आर. के. श्रीवास्तव ने युवाओं को सतत जीवनशैली अपनाने, नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। सम्मेलन के दौरान दो प्रमुख सत्र-एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम और रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन-आयोजित किए गए। इन सत्रों में प्रतिभागियों ने सतत वस्त्र, जल संसाधन प्रबंधन और हरित तकनीकों जैसे क्षेत्रों में नवाचार प्रस्तुत किए, जो "ग्रीनप्रेन्योरशिप" की थीम को प्रभावशाली रूप से दर्शाते हैं।समापन सत्र में निर्णायकों का सम्मान, कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में श्री यशविन पाल ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। उल्लेखनीय है कि स्पार्क एक्स यूथ ने इस सम्मेलन के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विचार'26 सम्मेलन ने युवाओं की रचनात्मकता और जलवायु परिवर्तन के समाधान के प्रति उनके नवाचारी दृष्टिकोण का सशक्त प्रतीक बनकर अपनी सफलता साबित की।



# 'मैं उत्तराखंड हूँ' कार्यक्रम में किया युवाओं को स्वरोजगार और कृषि अवसरों के लिए प्रेरित

पंतनगर( उद संवाददाता)। हल्द्वानी स्थित होटल फॉर्चून में ओहो रेडियो द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम 'मैं उत्तराखंड हूँ' गरिमामय और जीवंत वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कपकोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सुरेश सिंह गढ़िया, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान, कुमाऊँ विष्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत, और आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ ऑबजरवेशनल साइंसेज के निदेशक डा. मनीष के नाजा द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसने आयोजन को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। प्रथम सत्र में कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने युवाओं को उत्तराखंड में कृषि, फ्लोरीकल्चर और संबद्ध क्षेत्रों में उपलब्ध अपार संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने आधुनिक तकनीकों के उपयोग, स्थानीय संसाधनों के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने और नवाचार आधारित उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। उनके अनुसार, युवा यदि इन अवसरों का सही उपयोग करें तो न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक समृद्धि में भी योगदान मिलेगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका नुपुर पंत ने उत्तराखंड की लोकधुनों के साथ अपने मधुर स्वर प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित श्रोताओं का मन मंत्रमुग्ध हो गया और पूरे आयोजन का वातावरण संगीत की मधुरता से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ओहो रेडियो की संस्थापक आरजे काव्या ने किया, जिनकी प्रभावशाली शैली ने आयोजन को और जीवंत बना दिया। इस अवसर पर उत्तराखंड के अनेक बुद्धिजीवी, उद्यमी, समाजसेवी, रंगकर्मी, कलाकार और युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक समृद्ध किया।



# रुद्रपुर में भव्य कवि सम्मेलन 25 मार्च कोए देशभर के कवि करेंगे शिरकत

रुद्रपुर। तद्भव परिवार एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कला व संस्कृति प्रभाग सेवा केंद्रए भूरारानी के तत्वावधान में 25 मार्च को सायं 6 बजे सिटी क्लब रुद्रपुर में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम के संयोजक डॉ0जयंत शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से ख्यातिप्राप्त कवि और शायर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। फिरोजाबाद से हास्य कवि लटूरी लट्ठए बनारस से नागेश बनारसीए राष्ट्र वंदना के लिए दिल्ली से उपेंद्र पांडेए मुरादाबाद से शायर राहुल शर्माए संभल से दोहाकार अशोक कृष्णम तथा बाजपुर से काव्य श्री जैन मंच साझा करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल उपस्थित रहेंगेए जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री उत्तम दत्ता शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी भारत भूषण चुघ करेंगे। संयोजक डॉ0जयंत शाह ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।


'जय माता दी' 'जय बाबा की'
पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री बालाजी दरबार एवं
माता की चौकी
स्थानः- श्री शंभू कालड़ा, चिराग कालड़ा ( सन्नी डेल्स रूद्रपुर )
दिनांक: 24 मार्च 2026 दिन: मंगलवार, रात्रि 8 बजे से
निवेदकः-विकास शर्मा एवं सभी भक्त जन श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार

# सारी दुनिया से हम बेगाने हैं, हम झंडे वाली के दीवाने हैं

## माता रानी की चौकी व श्री बालाजी दरबार में भक्तों ने लगाई हाजिरी, प्राप्त की कृपा

रुद्रपुर। चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित माता रानी की चौकी एवं श्री बालाजी दरबार में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर हाजिरी लगाई और मैया रानी का गुणगान किया। नवरात्र के पांचवें दिन श्री नीलकंठ धाम मंदिर के तत्वावधान में फुलसुंगी स्थित समाजसेवी हिमांशु खुराना के आवास पर भव्य चौकी एवं दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महामाई और बाबा का गुणगान किया तथा भक्ति में लीन होकर देर रात तक भजनों पर झूमते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योत प्रज्वलन के साथ खुराना परिवार द्वारा की गई। इसके पश्चात गणेश वंदना, श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा तथा श्री बालाजी महाराज, भैरवनाथ और प्रेतराज की आरती के साथ दरबार का विधिवत शुभारंभ हुआ। भजन संध्या के दौरान माता रानी, भोलेनाथ और बालाजी महाराज के मधुर भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।भजन गायक शुभम सक्सेना ने बच्चेया नु माँ भूल जावे ना ना ये हो नि सकदा, कुंडा खोल या ना खोल माँ खड़काई जावांगे भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं विनीत अरोरा ने खुश होंगे हनुमान राम राम किए जा, होली खेले मसाने में जैसे भजनों से माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। सुमित वार्ष्णेय ने सारी दुनिया से हम बेगाने हैं, हम झंडे वाली के दीवाने हैं, रंग चढ़ गया माँ दा लाल लाल भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गुड्डू लक्खा ने तेरे गुण मैं गाऊं, मुझे तार दे माँ शारदे माँ भजन गाकर मां की महिमा का गुणगान किया। सौरभ वार्ष्णेय ने मेला लगेया दाती दा, आजाओ दर्शन कर लो, बोलो श्री राम जय राम जय जय राम के जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। सुंदर भजनों का भक्तों ने खूब आनंद उठाया और झूमते हुए मैया रानी व बाबा का गुणगान किया।दरबार के दौरान भजनों के बीच गद्दी पर विराजमान महंत विकास शर्मा पर माता रानी और बालाजी महाराज की कृपा प्रकट हुई, जिस पर श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद लेकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।इस अवसर पर खुराना परिवार के हिमांशु खुराना, भावना खुराना, राघव खुराना, माधव खुराना सहित भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, मनीष चुघ, गौरव जुयाल, शेखर जुयाल, शोभित राय, रोशन कालरा, सुरेंद्र कालरा, अमित कालरा, कमल कालरा, मदन अरोरा, सचिन खुराना, अजय चड्ढा, अमित अरोड़ा, विवेक दीप सिंह, पम्मी सुखीजा, शिवांश सुखीजा, पारस चुघ, चिराग कालरा, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग, सुरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, राजीव मनोचा, पवन खनिजों, पवन रंगीला, मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, अनुज पाठक, रोहित मदान, मुकेश शर्मा, अमन खुराना, गौरव खुराना, सोनू, संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रविंद्र वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय, सीमा नारंग, कंचन नारंग, वृंदा चुघ, पूनम मदान, नीलू खुराना, गीता शर्मा, भूमिका शर्मा, संगीता बठला, सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला, रेशू सक्सेना, श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी, रामबेटी, चिका शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।







# तूं कितनी अच्छी है, तूं कितनी भोली है, प्यारी प्यारी है ओ मां







## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर मां के भजनों से हुआ गुंजायमान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के पावन नवरात्र पर्व के पांचवें दिवस पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा एवं श्री सनातन युवा मंच द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित माता की चौकी में सोमवार की रात्रि भजन गायक कलाकारों ने माता के भजन सुनाकर मंदिर को गुंजायमान कर दिया। सर्व प्रथम जजमान रमेश डुडेजा, रेखा डुडेजा, प्रतीक डुडेजा, साक्षी डुडेजा, अनाया डुडेजा, अधिराज डुडेजा ने पंडित सालिगराम पाण्डेय व नन्दकिशोर जोशी की अगुवाई में माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की। जिसके पश्चात माता की चौकी का शुभारम्भ किया गया। भजन गायक अमित अरोरा ने गुरू वन्दना, गणेश वन्दना, देवी देवताओं का आव्हान व फूलों की वर्षा के भजन सुनाये। जिसके बाद हल्द्वानी से आये भजन गायक विवेक शर्मा ने शेरां वाली मेरी बिगड़ी बनादे, तुम्हारा क्या जायेगा, मैं तेरे बिन कमली हुई दर्श दिखाजा दातिए, मैं बालक तूं माता शेरां वालिए मेरा अटूट रिश्ता शेरां वालिए, जितना दिया मेरी मां ने उतनी मेरी औकात नहीं, आओ मात जी तेरा मंदिर सजाया है, मंदिर सजा के तुवानूं घर विच बुलाया है, तूं कितनी अच्छी है तूं कितनी भोली है प्यारी प्यारी है ओ मां, मेरा जग कल्याणी नाल गल्लां करन नूं जी करदा, जय कारा जयकारा ज्योतां वालिए आदि भजन सुनाये। जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु तालियां बजाते हुए मां की भक्ति में मग्न होकर नाचते रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान महेश बब्बर, ओम प्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, अश्वनी बजाज, गौरव बेहड़, अमित अरोरा, मनोज मुंजाल, राकेश सुखीजा, राकेश राजदेव, विजय विरमानी, पवन गाबा, राजेश छावड़ा, सचिन मुंजाल, सुरेन्द्र रज्जी, मोहन भुड्डी, राजेन्द्र खनीजो, नरेश छावड़ा, साक्षी सुखीजा, किरन जग्गा, शशि अरोरा, सोनिया अरोरा, बीना बेहड़, पूर्वी बेहड़, सोनिया सुखीजा, आशा गाबा, मानूषी गाबा, संजय जुनेजा, राजकुमार सीकरी, राजकुमार भुसरी, हरीश ईश्पुजानी, अजय बंसल, श्वेता गाबा, विजय जुनेजा, कमल फुटेला, रोहित गोयल, साक्षी गोयल, मोहित बत्रा, साक्षी ग्रोवर, सुरेश जग्गा, रोहित जग्गा, गौरव जग्गा, जतिन सुखीजा, सुमित बब्बर, सचिन तनेजा, गौरव तनेजा, पंकज सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजकुमार खनीजो, मनोज अरोरा, सुधीर अरोरा, पंकज बांगा, जुगनूं, सचिन अग्रवाल, महेश अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, आस्था अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, मानवी अग्रवाल, सतपाल गाबा, राजेश अरोरा, पुष्पा ग्रोवर, आनन्द, रिंकू ग्रोवर, संजय ठुकराल आदि मौजूद थे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531

# दो मंजिल से कूद गया युवक, मौत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सोमवार की सायं मोहल्ला जगतपुरा ट्रांजिट कैम्प में अज्ञात कारणों के चलते एक किराएदार युवक ने घर के दो मंजिल से छ्लांग लगा दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला जगतपुरा निवासी 25 वर्षीय अनिल पुत्र प्रेमचंद्र अपने बड़े भाई दीपक व भाभी पूजा मूल निवासी ग्राम काफिल किरोल, मुक्तेश्वर, जिला- नैनीताल हाल निवासी रविदास मंदिर के पास जगतपुरा के साथ किराएदार के रूप में रहता था और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहा था। दीपक ने बताया कि अनिल मेंटली डिस्टर्ब है, जिसकी दवाई भी चल रही थी। छोटा भाई अनिल सायं काल मकान के प्रथम मंजिल की छत से नीचे कूद गया। जिसे टैम्पों मे जिला- चिकित्सालय लाये। जिसे डॉक्टर द्वारा जॉच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया।

# दिनेशपुर में बसंती पूजा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

दिनेशपुर। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंती पूजा महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ हो गया। षष्ठी कल्पारंभ के साथ शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र की महिलाओं और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व दुर्गा मंदिर परिसर से महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ीं। यह कलश यात्रा दुर्गा मंदिर गली से होते हुए नगर के मुख्य मार्गों से गुजरकर कामना सागर तक पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना की गई। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।कलश यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में पुरोहित बनमली चक्रवर्ती द्वारा विधि-विधान से षष्ठी पूजन संपन्न कराया गया। इसके बाद मंदिर के बाहर स्थित बेल वृक्ष के समीप कलश की स्थापना की गई। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना की।इस अवसर पर महिला संगठन की तमाम महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। पूरेआयोजन के दौरान श्रद्धा, आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला, जिससे दिनेशपुर पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंगा नजर आया। इस मौके पर शिखा ढाली, प्रभा राय, स्वीटी चक्रवर्ती, दीपाली बैरागी, मीना मंडल, राधा विश्वास, हेमा चक्रवर्ती, जमुना मंडल, सावित्री मंडल, शोष्ठि ढाली, शिवानी स्वर्णकार, नीतू मंडल, पारुल मंगल, रीता गाइन, गीता हालदार, सोनिया हालदार, इति मंडल, सुरोवाला देवी, अष्टमी शील, सरस्वती, अर्निदिता सरकार, सुधा चक्रवर्ती, फूल कुमारी, बसंती चक्रवर्ती, कल्पना मंडल, लक्ष्मी सरकार,डॉ. सुधीर राय, मृत्युंजय सरकार, अनादी रंजन मंडल, रवि सरकार, रोहित मंडल, गोविंद मंडल, अमल मंडल, विशाल गाइन, महादेव शिकारी, दीपंकर मंडल और अनुकूल कुमार समेत अन्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



# मटकोटा पावर हाऊस में घुसकर सामान चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मटकोटा पावर हाऊस में घुसकर अज्ञात चोरों ने सामान चोरी कर लिया। लाईन मैन द्वारा शोर मचाने पर चोर चुराया सामान समेटकर मौके से भाग गये। जानकारी के अनुसार 21 फरवरी को मटकोटा उपसंस्थान पर ड्यूटी पर तैनात उपसंस्थान संचालक एवं लाइन मैन द्वारा देखा गया कि अज्ञात व्यक्ति जिनकी संख्या चार है उप संस्थान की दीवार फांद कर उप संस्थान मे चोरी के उद्देश्य से घुसे हुए है। शोर शराबा होने पर उक्त व्यक्ति दीवार कूदकर भागने लगे। कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि उप संस्थान से बाहर खडी स्कूटी से एक चोर भागा है और अन्य पैदल भाग गये है। मौके पर पहुचकर पाया गया चोरों द्वारा एक नग 10 डट परिवर्तक से बूशिंग राड खोली गई है और एक 400 डट परिवर्तक की बॉडी खोलकर ताँबे की चोरी की गई है। मौके से चाबी,पाने आदि औजार से भरा एक बैग व एक जैकिट और पेंट मिली साथ ही पैंट की जेब से एक मोबाईल प्राप्त हुआ। कुलदीप सिंह अवर अभियंता उपसंस्थान मटकोटा पावर की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राशन नहीं मिलने पर रोषित महिलाओं ने विधायक को घेरा

## विधायक शिव अरोरा के सख्त तेवर व फटकार के बाद जागा खाद्य अपूर्ति विभाग

रुद्रपुर। राशन वितरण में बढ़ी लापरवाही सामने आई जहाँ दिसम्बर माह का राशन जनता को ना मिलने पर सूचना पर विधायक शिव अरोरा जगतपुरा क्षेत्र के राशन डिपो की दुकान पर जनता के बीच पहुँचे जहाँ सैकड़ो महिलाओ ने विधायक को घेर लिया उन्होंने आरोप लगाया की उनको दिसम्बर माह का राशन आज तक नहीं मिला ओर राशन डिपो स्वामी के दुर्व्यवहार की भी शिकायत की। वही विधायक शिव अरोरा का महिलाओ की शिकायत सुनकर पारा चढ़ गया उन्होंने सीधे राशन डिपो स्वामी को फटकार लगायी ओर बहुत स्पष्ट चेतावनी दी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की गरीब जनता को दिया जाना वाला राशन उनको अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होंगी। वही मौके पर विधायक शिव अरोरा ने जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी से दूरभाष पर वार्ता की ओर



कहा जब सरकार द्वारा दिसम्बर माह का राशन गरीब जनता के लिये भेजा गया है ओर उनकी वार्ता अनुसार जनवरी अंत तक दिसम्बर माह का राशन बटना था मगर जनता की शिकायत पर पता लग रहा है कि लंबित एक माह का राशन आज तक नहीं बटा यह दर्शाता है राशन डिपो स्वामी ओर विभाग गरीब जनता के इस हक के साथ छेडछाड़ करना चाहता है ओर गरीबो के एक महीने के राशन को पी जाने की जो बदबू आ रही है यह तय माने मेरे विधायक होते हुए ओर प्रदेश में भाजपा सरकार में यह सम्भव नहीं होगा। गरीबों के हक पर किसी को डकैती डालने का अधिकार नहीं है पूर्ति विभाग यह सुनिश्चित कर ले दिसंबर माह का राशन जनता तक शत प्रतिशत एक-एक दाना सुविधापूर्ण तरीके से पहुंच जाए और मुझे लिखित में अवगत करवाए कि लंबित एक माह का राशन किस तिथि से बटना प्रारंभ होगा। विधायक शिव अरोरा के सख्त तेवर और चेतावनी के बाद जिला खाद्य अपूर्ति विभाग हरकत में आया डीएसओ ने लिखित आदेश जारी करते हुए 25 मार्च से एक माह के लंबित चल रहें राशन को बटने का लिखित आदेश जारी कर दिया जिसमे इस माह बट रहें राशन के साथ लंबित चल रहें एक माह के राशन को 25 मार्च से बटने के लिखित आदेश जारी कर दिये। विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजनें जाने वाला राशन का एक एक दाना गरीब के चूल्हे तक पहुंचेगा यह विधायक शिव अरोरा का वादा है वो जमाने लध गए जब कांग्रेस के प्रधानमंत्री दिल्ली से एक रूपया भेजते थे ओर नीचे आ कर 75 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे बीच के दलाल खा जाते थे और जनता के हाथ 25 पैसे ही आते थे लेकिन अब दिल्ली से अगर कोई पैसा जनता को भेजा जाता है तो इसे डीबीटी के माध्यम से जनता के खाते में शत प्रतिशत सीधे आता है यह फर्क है भाजपा और कांग्रेस की पूर्व कि भ्रष्टाचारी सरकार में।

# धूमधाम से मनाया गया शिवानंद जी महाराज का जन्मदिन

## महाराजा अग्रसेन चौक पर प्रसाद सेवा जारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन चौक पर आयोजित प्रसाद सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत आज की प्रसाद सेवा का शुभारंभ दूधिया बाबा मंदिर के अध्यक्ष पूज्य शिवानंद जी महाराज, उद्योगपति विष्णु बंसल, राजेंद्र गोयल, अमित मित्तल एवं समाजसेवी संजय सिंघल द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना कर समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात प्रसाद वितरण सेवा प्रारंभ की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे।यह सेवा कार्यक्रम भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में निरंतर संचालित किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में यह सेवा कार्य समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचते हुए सेवा, सहयोग एवं समर्पण की भावना को सुदृढ़ कर रहा है।इस दौरान पूज्य शिवानंद जी महाराज का जन्मदिन भी श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ बड़े



ही धूमधाम से मनाया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक भक्तिमय एवं आनंदमय हो गया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में भाईचारे, एकता एवं सेवा भाव को मजबूत करते हैं तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।इस अवसर पर भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल, संस्कार भारती रुद्रपुर के अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह नेगी, अमन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, जितेंद्र साहनी, ओम अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, प्रमोद यादव, सुनील पचौरी, नमित कुमार, सुमित कुमार, रवि अग्रवाल, दिव्यांश कुमार, नयांश कुमार, अकुल सिंघल, पुष्टि सिंघल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।प्रसाद सेवा के दौरान व्यवस्थाएं सुचारू एवं अनुशासित ढंग से संचालित की गईं, जिसमें कार्यकर्ताओं ने पूर्ण समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा और लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों, सहयोगकर्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# दुर्गा ज्वैलर्स का किया उद्घाटन

दिनेशपुर। गदरपुर वार्ड नंबर 6 आवास विकास निवासी विशाल गुप्ता एवं दक्ष पुरी द्वारा स्थापित नए प्रतिष्ठान "दुर्गा ज्वैलर्स" का शुभारंभ आज विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने प्रतिष्ठान स्वामियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य



व्यक्तियों एवं क्षेत्रवासियों ने भी नवस्थापित प्रतिष्ठान की सफलता के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।अपने संबोधन में पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू ने कहा कि इस प्रकार के नए प्रतिष्ठानों के खुलने से क्षेत्र के विकास को गति मिलती है तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रभु से प्रार्थना की कि "दुर्गा ज्वैलर्स" निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे और क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करे।

# पेंचक सिलाट महिला खिलाड़ी मेघालय रवाना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी 26 और 27 मार्च 2026 को दीवाकर स्पोर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी की होनहार पेंचक सिलाट की वरिष्ठ महिला खिलाड़ी खेलो इंडिया नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया साई ट्रेनिंग सेंटर नेहू शिलांग, मेघालय के लिए रवाना हुईं। पेंचक सिलाट एसोसिएशन उत्तराखंड के सचिव एवं दीवाकर स्पोर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी के हेड कोच बबलू दिवाकर ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 से 27 मार्च तक शिलांग, मेघालय में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नेतृत्व में इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के सहयोग से "अस्मिता पेंचक सिलाट नेशनल लीग 2026" का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से चयनित बालिका खिलाड़ी भाग लेने के लिए पहुंच रही हैं। जिसमें समस्त



भारत की 700 से अधिक प्रतिभागी महिला खिलाड़ी शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड की टीम आर्टिस्टिक इवेंट (रेगु) में पूजा मेहर, तनुजा बुंगला एवं सुनीता भट्ट प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं सोलो क्रिएटिव इवेंट में तनुजा बुंगला भाग लेंगी। तुंगल इवेंट में पूजा मेहर तथा -55 किलोग्राम भार वर्ग के फाइटिंग इवेंट में भी पूजा मेहर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। पेंचक सिलाट एसोसिएशन उत्तराखण्ड के कोषाध्यक्ष राहुल ने बताया कि उत्तराखंड की महिला खिलाड़ियों की तैयारी अत्यंत उत्कृष्ट है और पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी खिलाड़ी पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। खिलाड़ियों को रवाना करने के अवसर पर पेंचक सिलाट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष केवल भारती ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की।

# प्री स्कूल बच्चों को करते हैं मोबाईल व टीवी से दूर: गोल्डी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने लिटिल हार्ट प्रि स्कूल आदर्श नगर मुखानी के सभागार में विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किये। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यालय की संचालिका अंकित जोशी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्री स्कूल के माध्यम से बच्चे मोबाइल और टीवी की बुराइयों से दूर रहते हैं और व्यावहारिक रूप से खेलने कूदने खिलौने अपनी संस्कृति आर्ट कल्चर पर अधिक ध्यान दे पाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का आपसी मेल मिलाप पुराने जमाने के बच्चों के संस्कारों को पुण जन्म देने में सहायक सिद्ध होता है। इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने लिटिल हार्ट प्रि



स्कूल मुखानी के नए परिसर का रिबन काटकर उद्घाटन किया एवं विभिन्न क्रियाकलापों में विजई बच्चों को अपने कर कमलो से पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की शिक्षिकाओ व निदेशक अंकिता जोशी ने सहयोग किया। इस अवसर पर स्नेहा अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, भूवन चंद तिवारी, गीता तिवारी आदि उपस्थित थे। विद्यालय की प्रधानाचार्य अंकिता जोशी द्वारा डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी को भगवान श्री राम मंदिर अयोध्या की कलाकृति स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान की।

# कांग्रेस नेता ने किया प्रतिमा का अनावरण, विधायक ने गंगाजल से कराया शुद्धिकरण

रुद्रपुर। शहर के भगत सिंह चौक पर स्थापित शहीद-ए-आजम भगत सिंह की कांस्य प्रतिमा को लेकर सोमवार को राजनीतिक और सामाजिक माहौल गरमा गया। कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा द्वारा प्रतिमा का अनावरण किए जाने के बाद विधायक शिव अरोरा ने इसे शहीद का अपमान बताते हुए गंगाजल से प्रतिमा का शुद्धिकरण कराया। जानकारी के अनुसार, शहर के भगत सिंह चौक को सोमवार को सियासी कार्यक्रम का केंद्र बना दिया गया। कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह देश के महान क्रांतिकारी थे और उनके सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।वहीं,



इस घटना के कुछ समय बाद विधायक शिव अरोरा मौके पर पहुंचे और प्रतिमा पर गंगाजल छिड़ककर शुद्धिकरण किया। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से शहीदों की गरिमा को ठेस पहुंचती है। विधायक ने इस मामले में सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने की बात भी कही।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि 13 अप्रैल को बैसाखी के अवसर पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया जाएगा और इसे राजनीतिक मंच नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की जनता शहीदों के सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं करेगी।इधर, कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा ने विधायक के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्होंने पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ प्रतिमा का अनावरण किया है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह सभी के प्रेरणास्रोत हैं और उनके नाम पर राजनीति करना उचित नहीं है।घटना के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद शहर में चर्चा का माहौल बना हुआ है और दोनों पक्षों के बीच आरोप- प्रत्यारोप का दौर जारी है।

# सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : शिव अरोड़ा

रुद्रपुर। भगत सिंह चौक पर प्रतिमा को लेकर हुए विवाद के बीच विधायक शिव अरोड़ा ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह मामला केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि जनभावनाओं और शहीदों के सम्मान से जुड़ा हुआ है।विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि सार्वजनिक स्थल पर स्थापित प्रतिमा से जुड़े कार्य विधि-विधान और प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत ही होने चाहिए। यदि कोई व्यक्ति या समूह इसमें हस्तक्षेप कर अव्यवस्था फैलाने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि पूरे प्रकरण



में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं और जरूरत पड़ने पर प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने दोहराया कि शहर में कानून व्यवस्था और शहीदों के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## असुरक्षित वन्यजीव

देश में वन्यजीवों के संरक्षण के उद्देश्य से अनेक चिड़ियाघर, अभयारण्य और पशु बचाव केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनका मकसद संकटग्रस्त प्रजातियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और जैव विविधता को संरक्षित रखना है। लेकिन हाल के वर्षों में सामने आई घटनाएं इस उद्देश्य पर ही सवाल खड़े कर रही हैं। ताजा मामला सरगुजा जिले का है, जहां एक पशु बचाव केंद्र में आवारा कुत्तों के हमले में पंद्रह हिरणों की मौत हो गई। यह घटना न केवल चौंकाने वाली है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण की मौजूदा व्यवस्था की कमजोरियों को भी उजागर करती है। जिस स्थान पर हिरणों को शिकारियों और प्राकृतिक खतरों से बचाने के लिए रखा गया था, वही उनकी मौत का कारण बन गया। जानकारी के अनुसार, आवारा कुत्तों का झुंड बाड़े को तोड़कर अंदर घुस गया और हिरणों पर हमला कर दिया। यह घटना स्पष्ट रूप से बताती है कि केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर थी। यदि बाड़े इतने असुरक्षित हैं कि बाहरी जानवर आसानी से उन्हें तोड़कर अंदर घुस जाएं, तो ऐसे संरक्षण केंद्रों का अस्तित्व ही सवालों के घेरे में आ जाता है। इस घटना का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कुत्तों का हमला लंबे समय तक जारी रहा, लेकिन वहां तैनात वनकर्मियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। इससे यह सवाल उठता है कि क्या वहां 24 घंटे निगरानी की कोई ठोस व्यवस्था थी? क्या सीसीटीवी कैमरे या अलार्म सिस्टम जैसे आधुनिक सुरक्षा उपाय मौजूद थे? यदि थे, तो वे निष्क्रिय क्यों रहे? और यदि नहीं थे, तो यह और भी बड़ी लापरवाही है। घटना के बाद वन विभाग ने डिप्टी रेंजर और तीन वन रक्षकों को निलंबित कर दिया है। हालांकि यह कार्रवाई जरूरी है, लेकिन क्या यह पर्याप्त है? अक्सर इस तरह के मामलों में निचले स्तर के कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराकर मामला खत्म कर दिया जाता है, जबकि असल समस्या व्यवस्था के उच्च स्तर पर होती है। जब तक वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी और सिस्टम में सुधार के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाएंगे, तब तक ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। छत्तीसगढ़ की यह घटना एक चेतावनी है कि केवल संरक्षित स्थल बना देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और प्रबंधन पर भी उतना ही ध्यान देना जरूरी है। यदि समय रहते इन खामियों को दूर नहीं किया गया, तो वन्यजीव संरक्षण के प्रयास कमजोर पड़ जाएंगे और कई मासूम जानवरों की जान यूं ही जाती रहेगी। वन्यजीव केवल पर्यावरण का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

# पाठशालाओं में छात्रों को बाल जिहादी बनाने का खेल

पाकिस्तान और गुलाम जम्मू–कश्मीर में जैष–ऐ–मोहम्मद और लश्करे–तैयबा की नई साजिश अब बाल जिहादी पैदा करने की षुरू हो गई है। आतंकी षिविरों, धार्मिक सम्मेलनों और जुलूसों के बाद अब पाठषालाओं में छात्रों को बाल जिहादी बनाने के लिए प्रषिक्षित करने का खेल षुरू हो गया है। इन आतंकी संगठनों ने इस्लाम, पीओके में जिहाद और षिक्षा के बहाने आतंकियां की नई फौज खड़ी करने के लिए छात्रों की भर्ती आरंभ की है। इसके लिए बकायदा विज्ञापन व पोस्टर जारी कर माता–पिताओं से कहा जा रहा है कि वे 7 से 13 साल तक के बच्चों को उनके द्वारा संचालित मदरसों में भर्ती करें। यहां उन्हें षिक्षा के साथ मुफ्त खाना, मासिक भत्ता और इस्लाम की मान्यताओं के अनुसार जंग में लड़ने की तालीम भी दी जाएगी। यही नहीं आतंकी संगठनों के उत्प्रेरक पीओके के सरकारी व गैर–सरकारी स्कूलों में जाकर जिहादी भाशण दे रहे हैं। छात्रों के लिए इन स्कूलों में नाटकों के जरिए आतंकियों की वेशभूषा में प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं, जिससे बालपन से ही इन छात्रों में आतंकी मानसिकता विकसित हो जाए। यह खेल सितंबर 2025 से चल रहा है। ये संगठन मुख्य रूप से गरीब बच्चों के अभिभावकों को बरगला रहे हैं। इन सब कारणों के चलते वैश्विक आतंकवाद सूचकांक– 2026 के अनुसार पाकिस्तान सूचकांक के शीर्ष पर होने के साथ आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित देष बना हुआ है। जबकि अफगानिस्तान में हालात सुधर रहे हैं। इस कारण यह देश अब शीर्ष 10 देशों की सूची से बाहर हो गया है। हालांकि दक्षिण एशिया अभी भी आतंकवाद से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र बना हुआ है। बावजूद भारत के लिए यह अच्छी बात है कि यहां आतंकी घटनाओं में 43 प्रतिशत की कमी आई है। दुनियाभर में 2025 में आतंकवाद से होने वाली मौतों में 28 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। कुल मिलाकर आतंक से ग्रस्त 81 देशों में स्थिति सुधरी है, जबकि 19 देशों में बदतर हुई है। इनमें सबसे खराब स्थिति पाकिस्तान की है। क्योंकि वह आतंकी हालात से उबरने की बजाय अपने ही देश के बाल–गोपालों को जिहादी बना देने का क्रूरतम खेल खेलने में लंबे समय से लगा है।पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैष–ए–मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिद्नि ने जम्मू–कष्मीर में सेना और सुरक्षा बलों पर जो भी आत्मघाती हमले कराए हैं, उनमें बड़ी संख्या में मासूम बच्चों और किषोरों का इस्तेमाल किया गया था। इस सत्य का खुलासा संयुक्त राश्ट्र सुरक्षा परिशद् की 'बच्चे एवं सषस्त्र संघर्श' नाम से आई रिपोर्ट में भी किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक ऐसे आतंकी संगठनों में षामिल किए जाने वाले बच्चे और किषोरों को आतंक का पाठ मदरसों में पढ़ाया गया है। पुलवामा जिले में मुठभेड़ के दौरान 15 साल का एक नाबालिग मारा गया था और नाबालिग सज्जाद बट षामिल था, जिसे अगस्त–2020 में सुरक्षाबलों ने मार गिराया था।मुबंई के ताज होटल पर हुए आतंकी हमले में भी पाक द्वारा प्रशिक्षित नाबालिग अजमल कसाब शामिल था। इस रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठनों ने ऐसे वीडियो जारी किए हैं, जिनमें किशोरों को आत्मघाती हमलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पाकिस्तान में सशस्त्र समूहों द्वारा बच्चों व किशोरों को भर्ती किए जाने और उनका इस्तेमाल आत्मघाती हमलों में किए जाने की लगातार खबरें मिल रही हैं। कुछ साल पहले तहरीक–ए– तालिबान ने एक विडीयो जारी किया था, जिसमें लड़कियों सहित बच्चों को सिखाया जा रहा है कि आत्मघाती हमले किस तरह किए जाते हैं। दरअसल पाक की अवाम में यह मंसूबा पल रहा है कि 'हंस के लिया पाकिस्तान, लड़के लेंगे हिंदुस्तान।' इस मकसदपूर्ति के लिए मुस्लिम कोम के उन गरीब और लाचार बच्चों, किषोर और युवाओं को इस्लाम के बहाने आतंकवादी बनाने का काम में किया जा रहा है, जो अपने परिवार की आर्थिक बदहाली दूर करने के लिए आर्थिक सुरक्षा चाहते हैं। पाक सेना के भेश में यही आतंकी अंतरराश्ट्रीय नियंत्रण रेखा को पार कर भारत–पाक सीमा पर छद्म युद्ध लड़ रहे हैं। कारगिल युद्ध में भी इन छद्म बहरुपियों की मुख्य भूमिका थी। इस सच्चाई से पर्दा संयुक्त राष्ट्र ने तो बहुत बाद में उठाया, पाक के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल एवं पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के सेवानिवृत्त अधिकारी रहे, शाहिद अजीज ने 'द नेशनल डेली अखबार' में पहले ही उठा दिया था। अजीज ने कहा था कि 'कारगिल की तरह हमने कोई सबक नहीं लिया है। हकीकत यह है कि हमारे गलत और जिद्दी कामों की कीमत हमारे बच्चे अपने खून से चुका रहे हैं।' इसे पाकिस्तान के बच्चों का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि वह आज भी आतंकी बनाए जाने के लिए 'गिनी–पिग' बनाए जा रहे हैं आतंकवाद के बहाने धार्मिक कट्टरवाद का जहर मुस्लिम समाज की भीतरी सतहों को संकीर्ण बनाने का काम कर रहा है। यह संकीर्णता मुसलिम बहुलता वाले देषों में रहने वाले अल्पसंख्याकों के लिए तो घातक साबित हो ही रही है,इस्लाम धर्म से जुड़ी विभिन्न नस्लों को भी आपस में लड़ाने का काम कर रही है। अफगानिस्तान, इराक, मिश्र, नाइजरिया, सीरिया, पाकिस्तान में अलकायदा और आईएस आखिरकार किससे लड़े थे ? यह लड़ाई सिया,सुन्नी,कुर्द अहमदिया और बहावी इस्लाम धर्मावांलबियों में ही तो परस्पर हुई थी। अमेरिका–इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में हम देख रहे हैं कि ईरान मुस्लिम देषों को ही ध्वस्त करने में लगा है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के काबुल में एक नशा–मुक्ति अस्पताल पर हवाई हमले करके 400 से भी अधिक लोगों को मार डाला। पाक में शिया–सुन्नियों के बीच भी हिंसक वारदातें निरंतर होती रहती है। पाक में सुन्नी–मुस्लिमों के हालात इसलिए ठीक नहीं हैं, क्योंकि ईरान पाकिस्तानी शियाओं के हित साधता रहा है। पाक को इस लाचारी का सामना इसलिए करना पड़ता हैं,क्योंकि ईरान अरबों रुपए पाकिस्तान को मदद के रूप में देता है। लिहाजा आर्थिक लाभ मिले तो पाकिस्तान अपने ही देष की भिन्न नस्लों को आपस में लड़ाने से नहीं चूकता है। अतएव दुनिया के मुस्लिम देष यह नहीं कह सकते कि दुनिया के मुस्लिम एक हैं ? वैश्विक स्तर पर यह नारा इसलिए खोखला हो चुका है,क्योंकि मुस्लिम कौमों की आपसी लड़ाई ने कई मुस्लिम देषों के अस्तित्व को ही संकट में डाल दिया है। ईरान मध्य एषिया के इस्लामिक देषों पर हमले करके इस तथ्य को पुश्ट करने में लगा है।

**प्रमोद भर्गव, वरिष्ठ पत्रकार**

# भीषण अग्निकांड में 12 लोगों के भवन जलकर राख, तीन गाय जिंदा जली

उत्तरकाशी। मोरी विकासखंड के दूरस्थ फीताड़ी गांव में देर रात दो लकड़ी के भवनों में अचानक आग लग गई है। घटना में 12 लोगों के भवन जलकर राख हो गए है। जबकि तीन गाय जिंदा जल गई। आग पर करीब सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर तहसील प्रशासन और पुलिस सहित एसडीआरएफ की टीमें राहत बचाव का कार्य कर रही हैं। गांव में अन्य भवन भी लकड़ी के होने और उनके बीच दूरी कम होने के कारण भीषण अग्निकांड का खतरा बना हुआ है। अग्निशमन सहित पुलिस, राजस्व विभाग की टीम मौके के लिए रवाना



हुई।जानकारी के अनुसार, गांव में लकड़ी के भवन और घनी बस्ती होने के कारण गांव में भीषण अग्निकांड का खतरा बन गया है। हालांकि ग्रामीण आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग लगातार फैलती गई। तहसील मोरी के ग्राम फिताडी के ग्राम प्रधान ने बताया कि 12 आवासीय भवनों में आग लगने की सूचना है। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने फीताड़ी गांव में अग्निकांड की घटना की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी उत्तरकाशी को तत्काल घटना स्थल पर पहुँचने के निर्देश दिए। साथ ही आपदा प्रबंधन सचिव से वार्ता कर तत्काल राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रभावित परिवारों को शीघ्र आवश्यक मदद मिल सके।

# एलपीजी घरेलू एवं व्यवसायिक सिलेंडरों की आवश्यक मांग के अनुरूप भी आपूर्ति समय पर किए जाने के निर्देश



देहरादून। मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय से सभी जिलाधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में एलपीजी गैस उपलब्धता की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने एलपीजी घरेलू एवं व्यवसायिक सिलेंडरों की आवश्यक मांग के अनुरूप भी आपूर्ति समय पर किए जाने के निर्देश दिए हैं।मुख्य सचिव ने जनपदवार गैस आपूर्ति की अद्यतन जानकारी लेते हुए प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं सहित अस्पतालों, शैक्षणिक एवं अन्य संस्थानों को भी निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को एलपीजी स्टेट कॉर्डिनेटर से लगातार संपर्क में रहकर आपूर्ति बढ़ाए जाने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने ग्रामीण क्षेत्रों से नए अपग्रेड शहरी क्षेत्रों को तेल कंपनियों के सिस्टम में भी अपग्रेड किए जाने हेतु कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को पीएनजी आधारित गैस कनेक्शन बढ़ाए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने इसके लिए व्यावसायिक संस्थानों को पीएनजी कनेक्शन के लिए प्रेरित किए जाने की बात कही। उन्होंने गैस के विकल्प के रूप में पिरुल ब्रिकेट को भी बढ़ावा दिए जाने की बात कही। कहा कि इससे एलपीजी की कम खपत के साथ ही चीड़ के जंगलों से पिरुल का निस्तारण हो सकेगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री एल. फैनाई, सचिव श्री विनोद कुमार सुमन, श्री आनन्द स्वरूप एवं डीजी यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला पंचायत, ऊधमसिंह नगर

पत्रांक- 3993/सम्पत्ति-जि.पं.ऊ.सिं.न./2025-26/ दि. 23.03.2026

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर के क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 से तीन वर्ष हेतु अर्थात दिनॉक 01.04.2026 से दिनॉक 31.03.2029 तक के लिए कृषि भूखण्डों का ठेके हेतु दिनॉक 31.03.2026 को 12:00 मध्यान्ह तक निविदायें आमन्त्रित की जाती है, तथा दिनॉक 31.03.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे से कृषि भूखण्डों की निविदायें उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष जिला पंचायत के सभागार में खोली जायेगी।

| क0सं0 | कृषि भूखण्ड का नाम | विकास खण्ड का नाम | जमानत धनराशि | वर्ष 2026–27 से तीन वर्ष के निर्धारित न्यूनतम धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बिचपुरी | सितारगंज | 1,00,000.00 | 4,24,700.00 |
| 2 | ढकिया नं01 | कशीपुर | 50,000.00 | 2,47,500.00 |
| 3 | गढीहुसैन | जसपुर | 50,000,000 | 2,75,600.00 |

शर्तें

कृषि भूखण्डों के उच्चतमन निविदादाता को ठेके की सम्पूर्ण धनरराशि उसी दिवस ठेका स्वीकृति की प्रत्याशा में जमा करनी होगी। उच्चतमन निविदादाता द्वारा निविदा की सम्पूर्ण धनराशि जमा न करने की दशा में उसकी जमानत/धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर के किसी भी बकायेदार को निविदा में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा, मौके पर उपलब्ध कृषि भूखण्ड के अनुसार ही निविदादाता अपनी निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा स्वीकृति के उपरान्त किसी भी कृषि भूखण्ड के ठेके की धनराशि कम नहीं की जायेगी।

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को आधार कार्ड, पहचान पत्र, राशन कार्ड पत्र प्रस्तुत करना होगा जमानत की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट अथवा सावधी जमा रसीद(एफ0डी0आर0) जो कि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर के पदनाम से बन्धक हो, निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

उच्चतम निविदा की धनराशि सम्बन्धित ठेके के कार्यालय मानकों के अनुरूप न होने की दशा में पुनः निविदा आमन्त्रित करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर के पास सुरक्षित होगा। अन्य शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र का मुल्य 350 रू0 पर 18प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त देय होगी।

पुनः निविदा फार्म दिनॉक 24.03.2026 से दिनॉक 28.03.2026 तक कार्यालय दिवस में कार्यालय से निविदा शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर



## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की प्राग फार्म गोकुल नगर में खड़े अवशेष गन्ने की नीलामी की सूचना पहले दो बार प्रकाशित की जा चुकी है, जिसमें सर्व प्रथम 300 रु प्रति कु० के आगे बोली लगनी थी, किन्तु कोई बोलीकर्ता नहीं आया, तदुपरांत 1,50,000 मुग्गम का रेट तय कर बोली आगे बढ़नी थी, किन्तु इस बार भी कोई बोलीकर्ता उपस्थित नहीं हुआ।।अब अंतिम बार विज्ञप्ति प्रकाशित की जा रही है। **इच्छुक बोलीकर्ता दि0** 25.03.2026 **को प्रातः** 12 **बजे प्राग फार्म, गोकुल नगर, त0 किच्छा, उपस्थित हो बोली लगाने को स्वतंत्र है । बोली न्यूनतम** 1,00,000 **से आगे बढ़ेगी ।**

मुग्गम से

भवदीय

मनोज नरायन अग्रवाल प्राग फार्म गोकुल नगर

मो0–8057911622

# घर में फांसी पर लटकी मिली तीन मासूम बच्चों की मां

शक्तिफार्म। क्षेत्र के सुरेंद्रनगर गांव में शनिवार शाम एक महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, सुरेंद्रनगर निवासी रीना मंडल (28) पत्नी दिलीप मंडल ने शनिवार शाम करीब 6 बजे अपने कच्चे घर में लकड़ी के खंभे से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय घर में कोई भी मौजूद नहीं था। पति बाजार गया हुआ था, सास घर से बाहर थी और तीनों बच्चे खेलने गए थे। शाम को जब बच्चे घर लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। संदेह होने पर बच्चे दूसरे कमरे में चढ़कर देखने लगे, जहां मां को फांसी के फंदे पर लटका देख उनके होश उड़ गए। बच्चों के शोर मचाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर



महिला को नीचे उतारा। परिजन पहले उसे स्थानीय चिकित्सालय ले गए, जहां से वापस घर ले आए। बाद में शरीर में हलचल की आशंका के चलते 108 एंबुलेंस से उसे उप जिला चिकित्सालय सितारगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना 108 एंबुलेंस टीम द्वारा 112 पर दी गई, जिसके बाद शक्तिफार्म पुलिस चौकी प्रभारी ललित चौधरी और सितारगंज कोतवाल सुंदरम शर्मा मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की खबर मिलते ही मृतका के मायके वाले दिनेशपुर से सुरेंद्रनगर पहुंच गए। मृतका अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गई है बड़ी बेटी सोनाली (15), मंझली बेटी रचना (14) और सबसे छोटा बेटा राहुल (10)। मां की मौत से तीनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर महिला को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। परिजन उसे उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सालय ले गए, जहां से उसे वापस घर ले आए। पड़ोसियों के अनुसार, शरीर में हलचल का आभास होने पर परिजन उसे 108 एंबुलेंस से उप जिला चिकित्सालय सितारगंज ले गए, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पुलिसकर्मी पर बुजुर्ग चौकीदार के साथ मारपीट का आरोप

रामनगर। रामनगर के खताड़ी क्षेत्र में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग चौकीदार के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है,पीड़ित परिवार ने पुलिसकर्मी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, वाल्मीकि समाज के रुपेश कुमार, निवासी वाल्मीकि मोहल्ला खताड़ी, ने पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे को तहरीर देकर बताया कि उनके दादा ओमप्रकाश, जो जीआईसी खताड़ी में चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं, 22 मार्च 2026 की रात करीब 10:30 बजे रोज की तरह ड्यूटी पर जा रहे थे,बताया गया कि उनका सरकारी आवास पुलिस चौकी के पीछे स्थित है और वे रोजाना की तरह खताड़ी चौकी के सामने से गुजरते हुए पुलिसकर्मियों को नमस्कार कर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक पुलिसकर्मी अनिल कुमार ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी। आरोप है कि अनिल कुमार उस समय नशे की



हालत में था और उसने बिना वजह बुजुर्ग को गालियां देनी शुरू कर दीं। परिजनों के अनुसार, इसके बाद पुलिसकर्मी ने ओमप्रकाश को पकड़कर जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। यहां तक कि बेहोशी की हालत में भी उन्हें पीटा जाता रहा। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे उनके चाचा शरद कुमार को भी कथित तौर पर पीटा गया। गंभीर हालत में परिजन किसी तरह बुजुर्ग को घर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि उनके कंधे में फ्रैक्चर है और शरीर पर कई चोटें आई हैं। मामले में अस्पताल के चिकित्सक डॉ अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि बुजुर्ग के कंधे में फ्रैक्चर है, जिसके लिए ऑपरेशन की जरूरत पड़ेगी। वहीं पीड़ित ओमप्रकाश का कहना है कि उन्हें खताड़ी चौकी में बुरी तरह पीटा गया और जूते से कंधे पर वार किया गया परिवार का कहना है कि ओमप्रकाश ही उनके घर के एकमात्र सहारा हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस पूरे मामले पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आ चुका है और परिजनों से तहरीर भी प्राप्त हुई है, उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और लोग दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# 27 लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। नैनीताल पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हल्द्वानी क्षेत्र से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 91 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है।नैनीताल पुलिस ने नशा तस्करों पर चोट कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने खुलासा करते हुए बताया की काठगोदाम पुलिस और एसओजी टीम ने दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों से 91 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत 27 लाख रुपए



बताई जा रही है। एसपी सिटी नोज कत्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि ये दोनों तस्कर देवलचौड़ क्षेत्र के रहने वाले हैं। पूछताछ में पता चला है कि दोनों आरोपी शक्ति फार्म में रहने वाले पिंचू नाम के युवक से स्मैक खरीदकर लाए थे। जिसे दोनों राज्य के अन्य हिस्सों में बेचने की तैयारी में थे। फिलहाल पुलिस स्मैक के बड़ सप्लायर पिंचू की तलाश में जुट गई है।

# कॉमर्शियल गैस की कमी से मैन्यू में डिशे गायब

## सिलेंडरों की किल्लत का रेस्टोरेंटों पर पड़ने लगा असर

अल्मोड। शहर के रेस्टोरेंटों में चाइनिज, चिकन और पनीर के शौकीनों को इन दिनों मायूसी झेलनी पड़ रही है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी के कारण कई रेस्टोरेंट संचालकों ने अपने मैन्यू से कई व्यंजन हटा दिए हैं। कहीं, चाइनिज डिश बनना बंद हो गई है तो कहीं चिकन-पनीर की सीमित डिश ही ग्राहकों को मिल रही हैं। शहर में पिछले कुछ वर्षों में कई रेस्टॉरेंट खुले हैं और बड़ी संख्या में लोग यहां भोजन करना पसंद करते हैं। लेकिन खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण सिलेंडरों की किल्लत बढ़ गई है, जिसका असर रेस्टोरेंटों पर दिखने लगा है। अल्मोड़ा मालरोड स्थित बैठक रेस्टोरेंट के संचालक के राहुल कांडपाल ने बताया कि स्थिति को देखते हुए चाइनिज डिश बंद करनी पड़ी है। वहीं, हिमाल कैफे के संचालक पुष्कर



सिंह चौहान का कहना है कि कर्मचारियों का भोजन बनाना भी मुश्किल हो रहा है, इसलिए चिकन- पनीर के कई व्यंजन मैन्यू से हटा दिए गए हैं।रसोई गैस रिफिल के लिए सोमवार को नगर के मालरोड के पास लोगों की भीड़ उमड़ी रही। उपभोक्ता सभी काम छोड़ सुबह से लाइन में लगे रहे। चौघानपाटा गैस एंजेसी के प्रबंधक मुकेश जलाल ने बताया कि मैदानी क्षेत्रों से आए वाहन से सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर बांटे गए। उन्होंने बताया कि घूरेलू गैस सिलेंडर प्रर्याप्त मात्रा में है। सभी को गैस सिलेंडरों की स्पोट डिलिवरी की जा रही है। स्थानीय स्तर पर रसोई गैस बुकिंग की सुविधा मिलने से लोगों को राहत मिली है। सोमवार को लोगों ने एजेंसी में गैस बुकिंग कर सिलेंडर रिफिल कराए। उपभोक्ता अमित बिष्ट और नीलम जोशी ने बताया कि पहले बुकिंग बड़ी समस्या थी, लेकिन अब राहत मिली है।

# युवक को फंसाने, ठगी और साजिश के आरोप में कोर्ट की शरण

रुद्रपुर। उधम सिंह नगर जिले के पंतनगर क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें एक युवक ने अपने परिचित पर साजिश रचकर उसे फंसाने, धोखाधड़ी करने और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रुद्रपुर की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई है। प्रार्थी रजत वर्मा, निवासी जवाहरनगर नगला, ने आरोप लगाया है कि पिथौरागढ़ निवासी नीरज उपाध्याय ने दोस्ती का फायदा उठाकर उसे एक सुनियोजित साजिश में फंसाया। प्रार्थी के अनुसार, 31 जनवरी 2026 को हल्द्वानी में मुलाकात के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति के जरिए उसकी गाड़ी में संदिग्ध पैकेट रखवाए गए, जिनमें बाद में आपत्तिजनक पदार्थ और एक देशी तमंचा निकला। रजत का कहना है कि जब उसने यह सामान देखा तो घबराकर उसे फेंक दिया, लेकिन आरोपी नीरज ने उसे वापस उठवाकर अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने लगवाया। इसके बाद उसे देहरादून भेजकर 50 से अधिक दिनों तक बाहर रहने का दबाव बनाया गया और एक अलग सिम से संपर्क रखने को कहा गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके पिता से करीब 9.50 लाख रुपये ठग लिए और उसकी चेकबुक से चेक फाड़कर फर्जी हस्ताक्षर किए। इतना ही नहीं, आरोपी ने एक अन्य युवक को झूठे मामले में फंसाने की भी योजना बनाई। मामले में धमकी और डराने-धमकाने के आरोप भी सामने आए हैं। प्रार्थी के अनुसार, आरोपी ने उसके दोस्त को झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी दी, जबकि खुद को बचाने के लिए पुलिस अधिकारियों के नाम का भी दुरुपयोग किया।रजत वर्मा ने बताया कि उसने 16 फरवरी 2026 को थाना पंतनगर में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 19 फरवरी को एसएसपी को भी रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी गई, फिर भी सुनवाई नहीं हुई।अब पीड़ित ने अदालत से गुहार लगाई है कि थाना पंतनगर को रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए जाएं और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही उसने अपनी और अपने परिवार की जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग भी की है।

# अज्ञात कार चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सड़क हादसे के आरोपी अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। दर्ज रपट में गदरपुर रोड़ दिनेशपुर निवासी कमलेश जोशी ने कहा है कि 14 मार्च को शाम उसका भाई मुन्ना जोशी अपने कार्यस्थल से मोटरसाइकिल संख्या यूके 04के 4039 द्वारा वापस घर दिनेशपुर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार मुन्ना जोशी के जाफरपुर से दिनेशपुर के लिए मुडते समय एक अज्ञात सम्भवत: काले रंग की कार द्वारा उसे टक्कर मारकर गम्भीर रुप से चोटिल कर दिया गया था और कार चालक कार लेकर फरार हो गया था। भाई मुन्ना जोशी का ईलाज वर्तमान में ऋषिकेश में चल रहा है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पेज एक का शेष...

**गैस सिलेंडर न.........**शहर में हालात यहां तक पहुंच गये है कि रोजाना सैकडों गैस उपभोक्ता हाथों में सिलेंडर लिए सूर्य उदय होने से पहलें ही एजेन्सियों में लाईन में लग जा रहे हैं। आज प्रात: गैस सिलेंडर न मिलने से उपभोक्ताओं का सब्र टूट गया और उन्होंने रामपुर रोड पर स्थित भारत गैस एजेन्सी के समक्ष राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस कर्मी वहां पर आ पहुंचे और उन्होंने जमीन पर लाठियां फटकार कर लोगों को वहां से दूर खदेड़कर जाम खुलवाया। इसी दौरान जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी मौके पर आ गये और उन्होंने रोषित लोगों से बातचीत कर एजेन्सी प्रबंधन से वार्ता की। जिन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया है कि 23 मार्च से एजेन्सी पर सिलेंडर नहीं बांटकर उपभोक्ताओं के घर ही आपूर्ति की जायेगी। श्री ठुकराल ने कहा कि इसकी जानकारी उपभोक्ताओं को समय से दी जानी चाहिए थी। आज जो उपभोक्ता लाईन पर लगे हैं उन्हे सिलेंडर उपलब्ध करा दिये जायें। कल से जिलाधिकारी का आदेश लागू कर दिया जाये। इसके बाद श्री ठुकराल कलैक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय व प्रभारी डीएसओ मलकीत सिंह से इस सन्दर्भ में विस्तार से वार्ता कर जन हित में एजेंसी प्रबंधन को आदेशित करने का आग्रह किया। काफी देर चली वार्ता के बाद श्री ठुकराल के साथ उक्त दोनों ही अधिकारी भारत गैस एजेंसी पहुंचे जहां उन्होंने उपभोक्ताओं को समझाकर शांत किया और एजेंसी प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय व प्रभारी डीएसओ मलकीत सिंह काशीपुर बाईपास रोड़ पर इण्डेन गैस एजेन्सी पहुंचे जहां लोगों की भारी भीड़ के बीच अव्यवस्थाओं को देख दोनों अधिकारियों का पारा चढ़ गया और उन्होंने एजेन्सी प्रबंधक प्रमोद पाण्डे को जमकर लताड़ते हुए व्यवस्थाओं को तत्काल दुरूस्त करने के निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भारत गैस एजेन्सी में वर्तमान में लगभग 1000 घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं जिन उपभोक्ताओं ने 23 मार्च तक बुकिंग कराई है उन्हें आज शाम तक सिलेंडर आपूर्ति करने के प्रयास किये जायेंगे और इण्डेन गैस एजेन्सी में लगभग 510 सिलेंडर मौजूद हैं यहां 17,18 व 19 मार्च तक की बुकिंग वाले सिलेंडरों की आपूर्ति कर दी जायेगी। एजेन्सी में किसी को भी सिलेंडर नहीं दिया जायेगा। श्री ठुकराल ने सभी उपभोक्ताओं से सिलेंडर वितरण में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं में सहयोग की अपील की। इधर गैस उपभोक्ताओं ने पूर्व विधायक राजकुमार के इस कार्य की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि शहर में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत होने के बावजूद भी कोई भी जनप्रतिनिधि समस्या के समाधान करने को आगे नहीं आया। सभी एक स्वर में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं होने का राग अपलाते रहे। जबकि श्री ठुकराल ने जमीनी हकीकत को समझते हुए लोगों के बीच आकर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया और अपर जिलाधिकारी व डीएसओं को साथ लेकर दोनों गैस एजेसियों में पहुंचे। जहां उनके प्रयासों से सिलेंडरों की समस्या का समाधान सम्भव हो सका। उन्होंने कहा कि असली जनप्रतिनिधि वहीं होता है जो जनता के बीच आकर उनकी समस्याओं को सुने और मौके पर हर उनका समाधान कराये। सिर्फ फोन पर ही अधिकारियों को निर्देश देने से समस्या का समाधान नहीं होता है।

**जनता की हाहाकार के.........**अव्यवस्था लगातार बढ़ती गई। लेकिन जब हंगामा बढ़ा और हालात काबू से बाहर होने लगे, तब प्रशासन हरकत में आया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस बल भी लगाया गया ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। इसके बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए गैस एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब किसी भी स्थिति में गोदाम या एजेंसी से सीधे सिलेंडर वितरण नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी की ओर से साफ आदेश जारी किया गया कि गैस सिलेंडर केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। आदेश का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। एजेंसी संचालकों ने भी अब प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की बात कही है, हालांकि उनका कहना है कि भीड़ को नियंत्रित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। फिलहाल प्रशासन की सख्ती के बाद व्यवस्था सुधारने की कोशिश शुरू हो गई है, लेकिन सवाल अब भी कायम है अगर पहले ही यह व्यवस्था लागू कर दी जाती, तो क्या लोगों को इस तरह सड़कों पर उतरकर सिलेंडर के लिए संघर्ष करना पड़ता? अब देखना यह होगा कि प्रशासन की यह सख्ती जमीन पर कितनी उतरती है और आम जनता को राहत मिलती है या नहीं।

**स्व. इंदिरा हृदयेश की.........**उनका योगदान राज्य के विकास और प्रगतिशील सोच के लिए सदैव याद किया जाएगा।महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि इंदिरा हृदयेश महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत थीं। उन्होंने यह साबित किया कि महिलाएं राजनीति में सक्रिय रहते हुए भी समाज के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी और इंदिरा हृदयेश ने अपने कार्यकाल में उत्तराखंड को नई दिशा दी। सिडकुल जैसी औद्योगिक परियोजनाएं उनकी दूरदर्शिता का परिणाम हैं, जिससे आज हजारों युवाओं को रोजगार मिला है।उन्होंने आगे कहा कि इंदिरा हृदयेश की 85वीं जयंती पर सभी कांग्रेसियों को उनके दिखाए मार्ग पर चलने और उत्तराखंड में विकास की धारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान मीना शर्मा, संदीप चीमा, योगेश चौहान, अशोक मंडल, सतीश कुमार, अनिल शर्मा, महेश कोली, रविंद्र गुप्ता, संजीव रस्तोगी, बाबू विश्वकर्मा, आजम खान, ममता हालदार, ज्योति, प्रीती साना, अरविंद कुमार, तनुजा मंडल, रीता, नरेश सरकार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तीन आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। जबकि अन्य युवकों की तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान युवराज कुमार (20) पुत्र चंद्र प्रकाश, निवासी बिहार, मधुर खंडेलवाल (19) पुत्र मोहन खंडेलवाल निवासी उधम सिंह नगर और शिवम शर्मा (20) पुत्र मृत्युंजय कुमार निवासी बिहार के रूप में हुई है।

**दो पक्षों के विवाद में..**की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तीन आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। जबकि अन्य युवकों की तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान युवराज कुमार (20) पुत्र चंद्र प्रकाश, निवासी बिहार, मधुर खंडेलवाल (19) पुत्र मोहन खंडेलवाल निवासी उधम सिंह नगर और शिवम शर्मा (20) पुत्र मृत्युंजय कुमार निवासी बिहार के रूप में हुई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शहर में धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे 'रिफ्लेक्टर विहीन वाहन'

## बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं वाहन. परिवहन विभाग एवं यातायात नियंताओं की आंखें बंद

– अर्श–

रुद्रपुर। परिवहन विभाग एवं यातायात नियंताओं द्वारा दुर्घटना की संभावना की अनदेखी एवं ढुलमुल रवैये के चलते रुद्रपुर शहर में कभी भी कोई जानलेवा वाहन दुर्घटना हो सकती है. वह इसलिए, क्योंकि शहर की विभिन्न सड़कों में लाइट एवं रिफ्लेक्टर विहीन वाहन इन दिनों बेरोकटोक दौड़ तो रहे ही हैं साथ ही ऐसे वाहन रात के समय अंधेरी सड़कों में जहां–तहां पार्क भी कर दिए जा रहे हैं ,लेकिन इस और ना तो परिवहन विभाग की ही नजर है और ना ही यातायात नियंताओं को ही इसकी परवाह. देखा जाए तो दोनों ही महकमे अपने–अपने तरीके से अपने कर्तव्यों की केवल और केवल खानापूर्ति मात्र कर रहे हैं .बात परिवहन विभाग की करें तो उसके अधिकारी कभी कभार शहर के भीतर आने वाली किसी सड़क पर खड़े होकर भारी वाहनों से एंट्री वसूल करके अपनी ड्यूटी पूरी कर लेते हैं और यातायात नियंता नगर के कुछ प्रमुख चौराहा पर ड्राइविंग लाइसेंस एवं आरसी चेक करके तथा बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों का चालान करके. बस इतने तक ही सीमित रहती है रुद्रपुर शहर के यातायात में सुधार एवं सड़क सुरक्षा की समूची कवायद. जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इससे अधिक ना तो सोचने को तैयार हैं और ना ही देखने को. कदाचित यही कारण है कि उन्हें समय रहते यह नहीं सूझ रहा कि शहर की सड़कों पर रात के समय बिना रिफ्लेक्टर और लाइट के चल रहे बस, ट्रक,डंपर कार एवं ट्रैक्टर ट्रॉली किसी भी दिन किसी बड़े हादसे की वजह बन सकते हैं. अक्सर देखा जाता है कि बस, ट्रक,डंपर कार एवं ट्रैक्टर ट्रॉलियां आदि रात के अंधेरे में सड़क किनारे खड़ी कर दी जाती हैं. इन पर न तो चेतावनी संकेत होते हैं और न ही रिफ्लेक्टर. ऐसे में तेज रफ्तार से आने वाले वाहन चालकों को यह वाहन आखिरी क्षण में दिखाई देते हैं और दुर्घटना हो जाती है. गनीमत यह है कि शहर में अभी तक ऐसी लापरवाही के चलते कोई बड़ी वाहन दुर्घटना नहीं हुई है ,लेकिन यातायात एवं परिवहन नियमों की ऐसी अनदेखी कहीं ना कहीं इस सवाल को जन्म देती है कि क्या परिवहन विभाग एवं यातायात नियंताओं को किसी बड़े सड़क हादसे का इंतजार है ?



# गदरपुर में प्लॉट पर कब्जे को लेकर मारपीट, केस दर्ज

गदरपुर। क्षेत्र में जमीन कब्जे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम लखनऊ निवासी रविंद्र सिंह ने कोतवाली गदरपुर में शिकायत दर्ज कराई कि 23 मार्च 2026 को दोपहर करीब एक बजे वह अपने प्लॉट की ओर जा रहे थे। जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि कुछ लोग ट्रैक्टर से खुदी हुई नींव में भरान डालकर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर सभी आरोपी एकजुट होकर उन पर हमला कर बैठे। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने लाठी–डंडों और घूंसे से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। शोर–शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच–बचाव कर उन्हें बचाया। यदि समय रहते लोग नहीं पहुंचते तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। तहरीर में कई नामजद आरोपियों का उल्लेख किया गया है, जिनमें कुछ स्थानीय निवासी भी शामिल बताए जा रहे हैं। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। कोतवाली गदरपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सरफराज, शबाना परवीन, सन्नी,वसीम अकरम, फइम,नईम, अब्दुला,भूरा,फैयाज अहमद,सिराज,अशफाक हुसैन, शाहबाज,जहाबाज, के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बताते हुए लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# नानकमत्ता में मिट्टी खनन की आड़ में मनमानी

नानकमत्ता। क्षेत्र के ग्राम मटिया में मिट्टी खनन की अनुमति की आड़ में बड़े पैमाने पर पोकलैंड मशीनों से खुदाई की जा रही है। निकाली गई मिट्टी को ओवरलोड डंपरों के जरिए क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में सप्लाई किया जा रहा है।हैरानी की बात यह है कि कई डंपरों की नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं हैं। कुछ वाहनों की नंबर प्लेट पर जानबूझकर मिट्टी पोत दी जाती है, ताकि उनकी पहचान न हो सके। ऐसे वाहन बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं।ग्रामीणों के अनुसार सुबह तड़के से ही डंपरों की आवाजाही शुरू हो जाती है, जो देर शाम तक लगातार जारी रहती है। भारी और ओवरलोड वाहनों के निरंतर आवागमन से गांव की सड़कों की हालत तेजी से खराब हो रही है। कई स्थानों पर सड़कें टूटने लगी हैं, जिससे आम लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही है।ओवरलोड डंपरों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में नियमों का उल्लंघन होने के बावजूद संबंधित विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं।




# विधायक ने विम स्क्वायर कॉलोनी में दो सीसी मार्गों का किया लोकार्पण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विकास कार्यों को जनता को समर्पित कर रहें विधायक शिव अरोरा ने वार्ड न. 16 क्षेत्र के विम स्क्वायर कॉलोनी में विधायक निधि से स्वीकृत 5–5 लाख के दो सीसी मार्गो का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इससे पहले कॉलोनीवासियो द्वारा विधायक शिव अरोरा का फूलमालाओ से स्वागत किया गया। विधायक शिव अरोरा ने कहा विम स्क्वायर क्षेत्र जहाँ बहुत ही बुद्धिजीवी वर्ग के लोग रहते हैं और इस कालोनी से उनका बहुत पुराना नाता है। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान भी यहां से भरपूर स्नेह आशीर्वाद मिला था और यह स्नेह आशीर्वाद ही हमें विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में धरातल पर उतरने के लिए प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कॉलोनी वासियों की मांग पर इन मार्गों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर दिया गया है। उनके द्वारा लगातार क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र की जनता की हर मांग को पूरा करने के लिए वह लगातार प्रयासरत है। वही विम स्क्वायर कॉलोनी वासियों द्वारा कालोनी के मुख्य गेट के निर्माण कार्य कराए जाने की मांग विधायक से की गई है जिसको आने वाले समय में शिव अरोरा द्वारा प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा पिछले 4 वर्ष के कार्यकाल में उनके द्वारा अनेकों विकास कार्य रुद्रपुर क्षेत्र में कराए गए जिनको धरातल पर उतरते हुए क्षेत्र की जनता अब देख रही है जनता को विश्वास हो रहा है रुद्रपुर का विधायक जो बोलता है वह अनिवार्य रूप से करता है। उसके प्रत्यक्ष प्रमाण विधानसभा में हो रहे आने को विकास कार्य हो को देखकर लगाए जा सकते हैं।इस दौरान पार्षद प्रमोद शर्मा, सांसद प्रतिनिधि कपिल शर्मा, महेश अग्रवाल, मोर सिंह यादव बिट्टू चौहान, जीतेन्द्र संधू महेंदी शर्मा, अरविन्द गंगवार, वीरेंद्र सुखीजा, नीरज तिवारी, कमलेश शर्मा, राजीव चौहान, धर्मेंद्र शर्मा, रावेश गंगवार, दीपक सक्सेना, भूपेंद्र चौहान, अरविन्द, कृष्ण कुमार, अनिल द्विवेदी, प्रदीप दास, बालेश शर्मा, रोहित शर्मा, अजय गाबा, प्रशांत सक्सैना, एससी तिवारी, सुनील सचान, सुधांशु भारद्वाज, विवेक शर्मा आदि लोग मौजूद रहें।








# बलिदान दिवस के अवसर पर रक्दान शिविर आयोजित

रुद्रपुर। अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर बी ह्यूमन फाउंडेशन क्लब द्वारा अपनी गौरवशाली परंपरा को जारी रखते हुए 12वें विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। गूलरभोज रोड स्थित पंच मंदिर परिसर में आयोजित यह शिविर रुद्रपुर चौरिटेबल ट्रस्ट के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने बढ़–चढ़कर रक्तदान किया। इस पुनीत कार्य में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शहीद दिवस पर वीर बलिदानियों को नमन करने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता कि हम किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करें। समाज में थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की एक–एक बूंद अनमोल है। रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त रक्त कोष की उपलब्धता एक चुनौती है, ऐसे में बी ह्यूमन फाउंडेशन क्लब और अन्य सहयोगी संस्थाओं का यह प्रयास सराहनीय है। क्लब के अध्यक्ष गौरव अरोड़ा और सचिन तनेजा ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष शहीद दिवस पर इस शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष शिविर का 12वां संस्करण था, जिसका मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया से ग्रसित मरीजों की सहायता करना है, जिन्हें नियमित अंतराल पर रक्त की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और लोग प्रेरित होकर स्वेच्छा से आगे आ रहे हैं। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा ने भी विचार रखते हुए समाज सेवा के इस प्रकल्प की सराहना की। कार्यक्रम में रविंद्र शर्मा, अमित अदलखा, सनी अदलखा, लकी चिलाना, अनमोल विर्क, अमित अरोड़ा, राजू चौधरी और नरेंद्र बंसल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और शहर के संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे। शिविर के अंत में संस्था ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और समाज से श्रक्तदान करें, जीवन बचाएंश् के संकल्प को दोहराने की अपील की।




# गाली गलौज व धमकी के आरोप में थार चालक पर केस

काशीपुर। 24 घंटों के अंदर तहरीर वापस लेने को लेकर थार सवार दबंग द्वारा कार चालक को दी गई तल्ख धमकी के मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर सिल्वर सिटी कॉलोनी मानपुर, जंगा रोड काशीपुर निवासी हरप्रीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह ने बताया कि बीते 20 मार्च की रात लगभग 9:20 बजे वह अपने साथी विवेक शर्मा सतवंत भुल्लर तथा पत्नी के साथ खाना खाकर कर से वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान स्टेडियम तिराहे से मानपुर रोड की ओर मुड़ते हुए पीछे से आ रही थार संख्या यूके 18 टी/1000 के चालक नवरूप नामक शख्स ने गाड़ी को ओवरटेक करते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए और नीचे उतरकर कार के शीशे पर हाथ मारते हुए यह कहकर धमकाने लगा कि यदि 24 घंटे के भीतर पुलिस को दी गई तहरीर यदि वापस नहीं लिया तो परिवार को मौत के घाट उतार दिया जाएगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। बीते 15 मार्च को शिकायतकर्ता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को एक तहरीर दी थी। इसी से बौखलाए आरोपी ने 20 मार्च की रात शिकायतकर्ता को सरे राह रोककर धमकी दे डाली। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी हेकड़ व बदमाश किस्म का है। उस पर किडनैपिंग जैसे संगीन मामले दर्ज है। अक्सर वह अवैध असलहे अपने पास रखता है। शिकायतकर्ता ने आरोपी से अनहोनी की आशंका जताई है।